रवींद्र कुमार अतिबुद्धि

अकादेमी पुरस्कारः ओडिसी

RABINDRA KUMAR ATIBUDHI

Akademi Award: Odissi

ओडिशा के बहड़ाझोला में 5 अगस्त 1951 को जन्मे, श्री रवींद्र कुमार अतिबुद्धि ने केलुचरण महापात्र और पंकज चरण दास जैसे गुरुओं से ओडिसी नृत्य और संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने त्रिनीचरण पटना के संरक्षण में ओडिसी संगीत और देवराज के सानिध्य में गोटीपुआ नृत्य का प्रशिक्षण भी लिया है।

श्री रवींद्र अतिबुद्धि ने उड़िया डॉक्यूमेंट्री फिल्म कल्चर ऑफ लव की कोरियोग्राफी की है और साथ ही इसमें नृत्य और अभिनय भी किया है। आपको कोरियोग्राफी, नृत्य और अभिनय के लिए विशेष राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। आपने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म श्री कृष्ण रास लीला में भगवान कृष्ण की भूमिका निभाई थी। आपने देश–विदेश में आयोजित विभिन्न संगोष्ठियों और कार्यशालाओं में भाग लिया है। आपने ओडिसी शुद्ध नृत्य पर आधारित रथ यात्रा पल्लवी, चंदन पल्लवी जैसी अन्यान्य पल्लवियों पर शोध किया है, इनकी कोरियोग्राफी और संगीत रचना की है। आपने 36 वर्षों तक नालंदा अनुसंधान केन्द्र, मुंबई सहित विभिन्न संस्थानों में ओडिसी नृत्य का प्रशिक्षण दिया है। आपने 15 वर्षों तक श्रद्धा संगीत विद्यालय में ओडिसी गुरु के रूप में काम किया है। आपने कलाक्षेत्र (1972) और श्रीक्षेत्र (1994) नामक दो संस्थानों की स्थापना की है और कई युवा ओडिसी नर्तक–नर्तकियों को प्रशिक्षित किया है।

आपको कई सम्मानों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें गुरु केलुचरण महापात्र पुरस्कार (2003), ओडिशा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2006–07), और कला विकास केंद्र प्रतिभा सम्मान प्रमुख हैं।

श्री रवींद्र कुमार अतिबुद्धि को ओडिसी नृत्य में योगदान के लिए वर्ष 2020 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 5 August 1951 in Bahadajhola, Odisha, Shri Rabindra Atibudhi trained in Odissi dance and music from Kelucharan Mohapatra, and Pankaj Charan Das. He also trained in Gotipua Nritya under Devraj and Odissi music under Tarinicharan Patra.

Shri Rabindra Atibudhi choreographed and performed in the Odiya documentary film Cultures of Love for which he received a Special Award for Choreography, Dance and Acting. He played the lead role as Lord Krishna in the National award winning movie, *Shree Krishna Raas Leela* choreographed by Guru Kelucharan Mohapatra. He has participated in seminars and workshops in India and abroad. He has researched, choreographed and composed dance items like Rath Yatra Pallavi, Chandan Pallavi and other Pallavis. He has imparted training in Odissi dance in various organizations, including the Nalanda Research Centre, Mumbai for 36 years. He was also an Odissi guru in Sardha Sangeet Vidyalaya for 15 years. He has established two institutions namely Kalakshetra (1972) and Shreekshetra (1994) and tutored numerous young Odissi dancers.

Among his awards and honours are the Guru Kelucharan Mohapatra Award (2003), the Odisha Sangeet Natak Akademi Award (2006-07), and the Kala Vikas Kendra Pratibha Samman.

Shri Rabindra Kumar Atibudhi receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2020 for his contribution to Odissi dance.